हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री


4 आधा-अधूरा सीसी सड़क निर्माण बना ग्रामीणों के लिए मुसीबत




## खबर संक्षेप

### पुटु खोजने गई महिला पर भालू का हमला



**जनकपुर।** वनमंडल मनेंद्रगढ़ के वन परिक्षेत्र कुंवरपुर अंतर्गत जनकपुर सर्किल के कक्ष क्रमांक पी -1272 में शनिवार को पुटु (जंगली मशरूम) खोजने गई एक महिला पर जंगली भालू ने हमला कर दिया। ग्रामीणों की तत्परता से महिला की जान बच गई। घायल महिला का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर में उपचार जारी है, जहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरोज अगरिया (29 वर्ष), पति पन्नेलाल अगरिया, निवासी वन परिक्षेत्र कुंवरपुर, अन्य ग्रामीणों के साथ जंगल में पुटु संग्रह करने गई थीं। इसी दौरान जंगल में अचानक एक जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर तथा बीच-बचाव कर किसी तरह भालू को वहां से भगाया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर पहुंचाया। अस्पताल में उसका उपचार जारी है तथा चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति फिलहाल सामान्य है। वन विभाग ने पीड़ित महिला को त्वरित राहत के रूप में 2,000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की है। विभागीय अधिकारियों ने क्षेत्र के ग्रामीणों से जंगल में पुटु, महुआ एवं अन्य वनोपज संग्रह के दौरान विशेष सतर्कता बरतने तथा समूह में जाने की अपील की है।

### बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित हुए राव

**मनेन्द्रगढ़।** मॉय एफ एम रेडिओ



नेटवर्क एवं एमिटी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में रहमोहिनी देवी कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में मॉय एजु फेस्ट 2026 का आयोजन किया गया। इसमें कोरिया एवं एम. सी. बी. जिले से एकमात्र पी. रवि शंकर, प्राचार्य एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल, मनेन्द्रगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व, नवाचार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित माय एफ एम रेडियो नेटवर्क द्वारा आयोजित माय एजु फेस्ट 2026 में बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों एवं शिक्षाविदों की उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. संतोष सिन्हा, डीन, राजमोहिनी देवी कृषि विश्वविद्यालय, अंबिकापुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संकटमोचन इंफ्रास्टेट, बिलासपुर के डायरेक्टर अविनाश यादव रहे। इस अवसर पर आयोजकों ने प्राचार्य पी. रवि शंकर के प्रभावी नेतृत्व, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने तथा विद्यालय में नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को सफलतापूर्वक लागू करने के प्रयासों की सराहना की।

### बैकुंठपुर-सोनहत मार्ग पर सूखा पेड़ बना खतरा



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से सोनहत जाने वाले मुख्य मार्ग पर चेरवापारा और छरछा बस्ती के बीच गेज बांध के समीप सड़क किनारे खड़ा एक विशाल सूखा पेड़ दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों ने समय रहते पेड़ को सुरक्षित तरीके से हटाकर मार्ग को सुरक्षित बनाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार यह पेड़ पिछले कई वर्षों से पूरी तरह सूख चुका है और सड़क किनारे खड़ा होने के कारण राहगीरों व वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवा या बारिश के दौरान यह पेड़ कभी भी गिर सकता है। बैकुंठपुर-सोनहत मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां दिन-रात छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही रहती है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए सूखे पेड़ को तत्काल सुरक्षित तरीके से हटाने की कार्रवाई की जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से पहले ही खतरे को टाला जा सके।

## किशोरी आत्महत्या का मामला : दो फरार आरोपियों की तलाश जारी

# मोबाइल बंद कर अनूपपुर में छिपा था आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

शहर की नाबालिग छात्रा को कथित रूप से चोरी के आरोप में प्रताड़ित किए जाने के बाद हुई आत्महत्या के बहुचर्चित मामले में कोरिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के मुख्य आरोपी विनोद वैद्य को पुलिस ने शनिवार रात मध्यप्रदेश के अनुपपुर से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, दो अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की विशेष टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे ने बताया कि छात्रा के आत्महत्या करने के बाद उसके पिता की शिकायत पर बीएनएस एवं अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होते ही तीनों आरोपी फरार हो गए थे और अपने मोबाइल फोन भी बंद कर दिए थे, जिससे उनकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही थी। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई राज्यों में तलाश की। साथ ही पुलिस रेगुलेशन के प्रावधानों के तहत सूचना देने वालों के लिए 5000 रुपए नकद इनाम की घोषणा की गई। इसी दौरान मिली सटीक सूचना के आधार पर कोरिया पुलिस ने अनुपपुर में घेराबंदी कर मुख्य आरोपी विनोद वैद्य को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को बैकुण्ठपुर लाकर पूछताछ की गई तथा घटनास्थल का क्राइम सीन रिक्रिएशन भी कराया गया। फिलहाल उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस अब न्यायालय से रिमांड लेकर आगे की पूछताछ करेगी। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने बताया कि फरार दोनों आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम लगातार कार्रवाई कर रही है और उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विदित हो कि घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने आईसी मार्ट को सील कर दिया था, साथ ही 9 जुलाई को पुलिस ने संचालक दीपक वैद्य, विनोद वैद्य एवं जगत वैद्य के खिलाफ धारा 296, 107, 308(2), 309(4) बीएनएस तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति निवारण अधिनियम की धारा 3(2) (व्ही) के तहत गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया था।






### क्या था पूरा मामला

पुलिस के अनुसार 7 जुलाई को नाबालिग छात्रा अपनी छोटी बहन के साथ फव्वारा चौक स्थित आईसी मार्ट में खरीदारी करने गई थी। आरोप है कि दुकान संचालक ने दोनों पर चोरी का आरोप लगाते हुए कथित रूप से प्रताड़ित किया, सामान की सूची के साथ लिखित कबूलनामा तैयार कराया और छात्रा से हस्ताक्षर भी करवाए। साथ ही उनकी स्कूटी भी अपने कब्जे में रख ली। अगले दिन छात्रा के पिता को घटना की जानकारी मिली। वे दुकान पहुंचे और स्कूटी वापस लेने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान 50 हजार रुपए की मांग की गई। इसी दिन घर लौटने पर छात्रा ने रसोई में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने मांगी रिपोर्ट

इस मामले की गूंज दिल्ली तक पहुंची है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने कोरिया कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक से तीन दिनों के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन तलब किया है। आयोग ने समय पर जवाब नहीं मिलने की स्थिति में सिविल न्यायालय की शक्तियों का उपयोग करते हुए संबंधित अधिकारियों को समन जारी करने की चेतावनी भी दी है।

### न्याय की मांग को लेकर चक्का जाम

घटना के बाद शहर में भारी आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में महिलाओं और नागरिकों ने आईसी मार्ट के सामने मुख्य मार्ग पर बैठकर चक्का जाम किया तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच और न्याय का भरोसा दिए जाने के बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

### परिवार को मिलेगी सहायता राशि

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने बताया कि एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख 12 हजार 500 रुपए की तत्काल सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत कर दी गई है, जिसका भुगतान नियमानुसार शीघ्र किया जाएगा।

## महिला से 65 हजार छीनकर भागने वाला आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2025 में हुई सोने की चेन लूट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय से प्राप्त प्रोडक्शन वारंट के आधार पर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला जेल से लाकर गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

■ गांधी चौक के पास हुई थी घटना


पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह (आईपीएस) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, 27 अक्टूबर 2025 को शाम लगभग 7:30 बजे प्रार्थिया अपनी बेटी के साथ मनेन्द्रगढ़ में सोने की चेन खरीदने आई थी। खरीदारी के दौरान दो अज्ञात युवकों ने झपट्टा मारकर उसका पर्स लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पर्स में लगभग 65 हजार रुपये नकद थे। मामले में सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 182/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 304(2) एवं 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान मांज्या कुमार नट (32 वर्ष), निवासी देवीनगर, थाना परलकोट, जिला जशपुर (छत्तीसगढ़) के रूप में की। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

इस बीच पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी किसी अन्य मामले में मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला जेल में निरुद्ध है। इसके बाद न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर पुलिस टीम ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 10 जुलाई 2026 को मनेन्द्रगढ़ लाकर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को 24 जुलाई 2026 तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली विवेक पाटले, पीएसआई कमलेश, एएसआई अभिषेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक पुष्कल सिन्हा (साइबर सेल), प्रधान आरक्षक त्रिप्ता, प्रधान आरक्षक नवीन एवं आरक्षक प्रदीप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 52 एकड़ में जल संवर्धन और फलोद्यान से बदलेगी ग्रामीणों की तस्वीर

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संतन देवी जांगड़े के निर्देशन में एमसीबी जिले के खड़गवां विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरदर प्रकृति संरक्षण, जल संवर्धन और ग्रामीण आजीविका का एक उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभर रहा है।

राज्य शासन के महत्वाकांक्षी ‘मोर गांव मोर पानी’ महा अभियान के तहत यहां 52 एकड़ क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, जल सुरक्षा और आजीविका संवर्धन को एक साथ जोड़ते हुए ऐसा समग्र विकास मॉडल तैयार किया जा रहा है, जो आने वाले समय में जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय उदाहरण बनेगा। इस पहल के अंतर्गत 30 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न वैज्ञानिक जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन संरचनाओं का निर्माण किया गया है, जिससे प्रत्येक वर्ष करोड़ों ▶▶ शेष पेज 4 पर



### पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर 22 को

**बलरामपुर।** कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में लंबित वेतन निर्धारण, पेंशन एवं समयमान प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 22 जुलाई को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर उनका निराकरण किया जाएगा। कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों, पेंशनरों एवं कार्यालय प्रमुखों से आह्वान किया है कि वे अपने लंबित वेतन निर्धारण, पेंशन एवं समयमान से संबंधित प्रकरणों के आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में उपस्थित होकर समस्याओं का निराकरण कराएं।

## हाईस्कूल पिपरिया में पौधरोपण

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में 'एक पेड़ में के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा बड़ी संख्या में आम, कटहल और जामुन तथा फूलों के पौधे लगाए गए संस्था की वरिष्ठ व्याख्याता डॉ विनोद पांडेय द्वारा छात्र-छात्राओं को सीड वाल के माध्यम से वृक्षारोपण के की जानकारी दी गई।



उन्होंने सीड बाल के माध्यम से किस प्रकार बंजर भूमि में तथा आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जा सकता है उसके महत्व को गंभीरता से बताया, साथ ही अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण की आवश्यकता पर जोर दिया तथा लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखने तथा अपने घरों के आसपास व खेतों में वृक्षारोपण करने की अपील की ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके और हम अपने आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण दे सके। इस कार्यक्रम में प्राचार्य सुष्मिता सालोमन, उषा किरण सिंह, जरीना परवीन, संगीता तिवारी, अबुल कमर व छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## जल संरक्षण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

**मनेन्द्रगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह की अध्यक्षता में अमृतधारा डीपीआरसी भवन में सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य उजीत नारायण, अनीता चौधरी, अनीता सिंह, रामजीत लकड़ा, सुखमंती सिंह, प्रिया सिंह, बेलाकुंवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के अंतर्गत संचालित मोर गांव मोर पानी अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में अब तक 350 आजीविका डबरियों तथा 150 से अधिक सामुदायिक तालाबों का निर्माण, गहरीकरण एवं विकास किया जा चुका है। इन कार्यों से वर्षा जल संचयन, भू-जल संवर्धन तथा सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा। साथ ही योजना के अंतर्गत श्रमिकों को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी, प्रतिदिन 300 रुपये मजदूरी तथा 15 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आजीविका डबरियों के माध्यम से भविष्य में मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन, उद्यानिकी एवं पशुपालन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। वहीं सामुदायिक तालाबों से सिंचाई, पशुओं के ▶▶ शेष पेज 4 पर



## भाजपा हसदेव मंडल की सामान्य मासिक बैठक

मनेन्द्रगढ़। भाजपा हसदेव मंडल की सामान्य मासिक बैठक नगर पंचायत झगड़ाखांड में आयोजित की गई। बैठक में मंडल क्षेत्र में निवासरत भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, सभी मोर्चों के जिला पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सह-संयोजक, मोर्चों के मंडल अध्यक्ष, नगरीय निकाय के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद एवं नवनियुक्त एल्डरमैन उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा एमसीबी जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले उपस्थित रहीं। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन की गतिविधियों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण एवं कार्यकतार्ओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज यादव ,जिला महामंत्री आशीष मजुमदार द्वारिका जायसवाल , हसदेव मंडल अध्यक्ष बबीता सिंह , विधायक प्रतिनिधि उमेश जायसवाल , मंडल महामंत्री भगवान दास, जितेंद्र प्रताप सिंह , नगर पंचायत झगड़ाखांड अध्यक्ष रीमा यादव , उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### वाहनों की आवाजाही बाधित, राहगीर हो रहे परेशान

## जैन मंदिर चौक पर ट्रैफिक का सबसे बड़ा संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिला मुख्यालय बनने के बाद शहर के सुनियोजित विकास की उम्मीदें जगी थीं, लेकिन यातायात व्यवस्था आज भी गंभीर समस्या बनी हुई है।

शहर के सबसे व्यस्त जैन मंदिर चौक में प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के कारण आम नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं, व्यापारी, कर्मचारी और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जैन मंदिर चौक से भगत सिंह तिराहे तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण और दुकानों के बाहर फैला सामान यातायात व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर रहा है। कई दुकानदार अपनी दुकानों का सामान सड़क तक निकाल देते हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। वहीं कुछ अस्थायी दुकानें भी चौराहे के आसपास लग जाती हैं, जिसके कारण वाहनों की आवाजाही बाधित होती है और थोड़ी ही देर में लंबा जाम लग जाता है। स्थिति यह है कि बाजार के व्यस्त समय में दो बड़े वाहन आमने-सामने आ जाएं तो पूरे मार्ग पर यातायात ठप हो जाता है। कई बार वाहन चालकों के बीच बहस और विवाद की स्थिति भी बन जाती है। पैदल चलने वाले लोगों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी सड़क पार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिला मुख्यालय बनने के बाद शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए ठोस योजना बनाई जानी चाहिए थी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद फिर से वही स्थिति बन जाती है। इससे लोगों में प्रशासन की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। सबसे गंभीर चिंता यह है कि यदि किसी आपात स्थिति ▶▶ शेष पेज 4 पर




अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444




# आज ज़ी सिनेमा पर 'मावीरन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर...

**मुंबई।** ज़ी सिनेमा पर अभिनेता शिवकार्तिकेयन अभिनीत सुपरहिट एक्शन-फैंटेसी फिल्म मावीरन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर आज 12 जुलाई को रात आठ बजे होगा। निर्माताओं ने बताया कि निर्देशक मैडोना अश्विन की फिल्म मावीरन एक्शन, कॉमेडी, फैंटेसी और भावनाओं का अनूठा संगम है। फिल्म की कहानी सत्या नामक एक कार्टूनिस्ट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टकराव से बचने वाला साधारण युवक है। एक हादसे के बाद उसे एक रहस्यमयी आवाज़ सुनाई देने लगती है, जो उसके जीवन की दिशा बदल देती है। इसके बाद वह अपने भीतर छिपे साहस को पहचानते हुए एक भ्रष्ट नेता के खिलाफ बेबस लोगों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है। इसकी कहानी 1970 के दशक में घटित दिल्ली के रहने वाले 23 वर्षीय कलाकार पीके महानंदिया पर आधारित है, जो सच्चे प्यार की तलाश में भारत से स्वीडन तक 6,000 मील की यात्रा पर साइकिल से निकले थे। ये सेकंड-हैंड साइकिल उन्होंने अपनी पेंटिंग्स बेचकर खरीदी थी। प्रियंका ने लिखा, 'जब मैंने पहली बार उस यात्रा की कहानी सुनी पीके महालंदिया प्यार के लिए महाद्वीपों की साइकिल यात्रा की कहानी सुनकर मैं दंग रह गई। ये उन दुर्लभ, अविश्वसनीय सच्ची कहानियों में से एक है जो लंबे समय तक आपके मन में रहती है।' उन्होंने निर्देशक का आभार जताते हुए लिखा, 'ये फिल्म आशा और अपने दिल की बात मानने के साहस की एक गहरी मानवीय कहानी है। मुझे आपके साथ ट्रेलर साझा करके खुशी हो रही है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'फिल्म 28 अगस्त को अमेरिका और 18 सितंबर को ब्रिटेन में रिलीज होगी। जल्द अन्य अंतरराष्ट्रीय रिलीज तारीखों की घोषणा होगी।



हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद पहली बार दिखे

**लॉस एंजिल्स।** कैलिफोर्निया में जुजू स्मिथ-शस्टर की शादी हुई, जहां टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी शादी के बाद पहली बार पति-पत्नी के रूप में एक साथ किसी बड़े कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान टेलर स्विफ्ट गुलाबी फूलों वाले एक बेहद खूबसूरत बॉल गाउन में नजर आईं, जिसने सबका ध्यान खींचा। वहां टेलर स्विफ्ट ने अपनी शादी की अंगूठी भी दिखाई, वहीं ट्रैविस केल्सी क्लासिक ग्रे सूट में काफी हैंडसम लग रहे थे। इसी महीने की शुरुआत में शादी के बंधन में बंधने के बाद ये इस नई शादीशुदा जोड़ी की पहली बड़ी सार्वजनिक उपस्थिति थी।




# 'ड्यूनः पार्ट 3' का धमाकेदार ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ड्यूनः पार्ट 3' इस साल बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने के लिए तैयार है। डेनिस विलेन्यूव द्वारा निर्देशित फिल्म से टिमोथी चालमेट, जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन की पहली आधिकारिक झलक पहले ही जारी हो चुकी थी। अब निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो ब्रह्मांड के सबसे खूंखार युद्ध का संकेत देता है। साइंस-फिक्शन से भरपूर यह इस फ्रैंचाइजी की तीसरी और आखिरी कड़ी है, जिसमें दमदार वीएफएक्स शामिल है। 'ड्यूनः पार्ट 3' की कहानी 17 साल आगे से शुरू होती है। इस बार पॉल एट्रीडेस (टिमोथी) के सामने रूप बदलने वाला खलनायक स्काइटेल (रॉबर्ट) खड़ा है। वह उसके साम्राज्य ध्वस्त करना चाहता है। उधर, पॉल और चानी (जेंडाया) के रिश्ते में दूरियां आ चुकी हैं।



# 'गोलमाल 5' में धमाल मचाएंगी प्रियामणि

**मुंबई।** रोहित शेट्टी एक बार फिर 'गोलमाल' फ्रैंचाइजी की दुनिया में कदम रख चुके हैं। इस सुपरहिट फिल्म की 5वीं किस्त के साथ अजय देवगन और उनकी पूरी पलटन लौटने के लिए तैयार है। काफी समय से चर्चा थी कि इस बार निर्माता फिल्म में महिला अभिनेत्री को शामिल नहीं करेंगे और यह पूरी तरह से पुरुष प्रधान फिल्म होगी। अब फिल्म पर आई हालिया जानकारी पिछले दावे से पूरी तरह उलट है, क्योंकि एक अभिनेत्री इसमें शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'गोलमाल 5' से अभिनेत्री प्रियामणि का नाम जुड़ चुका है। 'फैमिली मैन' और 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्मों व सीरीज से चर्चा बटोरने वालीं अभिनेत्री फिल्म में एक नकारात्मक किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी।



# रामायण का ट्रेलर 24 को होगा रिलीज

**मुंबई।** निर्माता नमित मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायणम का ट्रेलर 24 जुलाई को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म का ट्रेलर वैश्विक स्तर पर एक साथ प्रीमियर होगा। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। इसका पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली, 2027 में सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा। मेकर्स के अनुसार, दो भागों में बनाई जा रही इस महागाथा का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिष्ठित महाकाव्यों में से एक रामायण को भव्य सिनेमाई प्रस्तुति, भावनात्मक गहराई और अत्याधुनिक विजुअल इफेक्ट्स के साथ वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है।

टीवी मसाला

# जेब खर्च के खातिर किया छोटा-मोटा काम, 'स्प्लिट्सविला' ने चमका दी किस्मत

**नई दिल्ली।** एक्टर पारस छाबड़ा ने टीवी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज भले ही वे बड़ा नाम बन चुके हैं, लेकिन उनकी किस्मत का सितारा चमका था साल 2012 में आए शो 'स्प्लिट्सविला 5' से।



शो ने दिल्ली के लड़के को देखते ही देखते घर-घर में मशहूर कर दिया। पारस छाबड़ा ने न सिर्फ शो में अपना जलवा बिखेरा, बल्कि आकांक्षा पोपली के साथ मिलकर सीजन की ट्रॉफी भी अपने नाम की थी। एक जीत ने उनके लिए ग्लैमर वर्ल्ड के सारे दरवाजे हमेशा के लिए खोल दिए। पारस का बचपन सामान्य नहीं था। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। उनकी मां रूबी छाबड़ा ने अकेले ही बेहद मुश्किल हालातों में उनकी परवरिश की। मां के इसी स्ट्रगल को देखकर पारस के अंदर भी कुछ बड़ा करने की जिद पैदा हुई। कॉलेज की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने मॉडलिंग में हाथ आजमाना शुरू कर दिया था। उन्होंने शुरुआती दिनों में जेबखर्च के लिए कई छोटे-मोटे काम भी किए उन्हें धीरे-धीरे विज्ञापनों में काम मिलने लगा।

***'बिग बॉस 13' साबित हुआ टर्निंग प्वॉइंट :*** पारस ने 'स्प्लिट्सविला 5' की कामयाबी के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 'वी द सीरियल' में दिखे और साल 2015 में दोबारा 'स्प्लिट्सविला 8' का हिस्सा बने। उन्होंने टीवी सीरियल्स का रुख किया और 'बढ़ो बहू', 'आरंभ', 'कलीरें' और 'अघोरी' जैसे शोज में अपनी एक्टिंग का दम दिखाया। 'विघ्नहर्ता गणेश' सीरियल में निभाया गया उनका रावण का किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। लेकिन उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया, जब उन्होंने 'बिग बॉस 13' में एंट्री ली। वे शो में टॉप 6 तक पहुंचे और फिनाले के दिन 10 लाख का सूटकेस लेकर शो से बाहर आ गए।

# राजकुमार राव की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने तैयार...

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव के अभिनेय के लोग दीवाने हैं। अब वह एक बार फिर कई बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी करीब 6 आगामी फिल्में चर्चा में हैं, जिनमें से 2 इसी साल रिलीज होंगी, जबकि 4 फिल्में 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। फैंस के बीच उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में आइए देखते हैं राजकुमार की आने वाली फिल्मों की पूरी सूची।

***'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' और 'रफ्तार':*** कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' इस साल 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ-साथ वमिका गब्बी, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी मुख्य किरदार में हैं। राजकुमार की थ्रिलर फिल्म 'रफ्तार' इसी साल 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ कीर्ति सुरेश, अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर मुख्य भूमिका में हैं।



***'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' और 'भेड़िया 2' :*** भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक फिल्म 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' 14 मई, 2027 में रिलीज होगी। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजकुमार मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'भेड़िया 2' साल 2027 तक रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। वहीं राजकुमार एक कैमियो भूमिका में दिखाई देंगे।

***'स्त्री 3' और 'छोटी स्त्री' :*** हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' के दोनों पार्ट के हिट होने के बाद अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म 2027 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में राजकुमार और श्रद्धा कपूर साथ नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ फिल्म 'छोटी स्त्री' आने वाली है। इस फिल्म में राजुकार और श्रद्धा नजर आ सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने इसका इसकी रिलीज की तारीख और कास्ट का खुलासा नहीं किया है।

# सनी देओल की इन फिल्मों ने की थी खूब कमाई, जीत लिए थे सबके दिल

***मुंबई।*** *बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सनी देओल अपनी दमदार अदाकारी और एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उनकी लीगल कोर्टरूम ड्रामा 'इक्का' अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। अगर आप इस फिल्म को देखने की योजना बना रहे हैं, तो उससे पहले सनी की उन सुपरहिट फिल्मों पर भी नजर डालिए, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और करोड़ों की कमाई कर दर्शकों का दिल जीत लिया था।*

### 'गदर 2' और 'गदरः एक प्रेम कथा'

सनी की सबसे कमाऊ फिल्मों की सूची में सबसे पहला नाम 'गदर 2' का है, जो 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 686 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ अमीषा पटेल भी मुख्य भूमिका में थीं। 'गदरः एक प्रेम कथा' का नाम इस सूची में दूसरे नंबर पर है। ये साल 2001 में रिलीज हुई थी। इसने उस समय दुनियाभर में 132.6 करोड़ रुपये की कमाई की थी।



### 'जाट' और 'यमला पगला दीवाना'

एक्शन-ड्रामा फिल्म 'जाट' साल 2025 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 126 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म में सनी के अलावा रणदीप हुड्डा भी मुख्य भूमिका में थे। कॉमेडी फिल्म 'यमला पगला दीवाना' 2011 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 88.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ उनके दिवंगत पिता धर्मेंद्र और बॉबी देओल भी थे।

### 'बॉर्डर'

निर्देशक जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉर्डर' (1997) भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन और ऐतिहासिक देशभक्ति फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुई 'लोंगेवाला की लड़ाई' पर आधारित है। फिल्म में सनी देओल ने मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी का यादगार और दमदार किरदार निभाया था। उनके साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकारों ने भी शानदार अभिनय किया। इसने 64.98 करोड़ रुपये की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी।

# सिद्धार्थ की फिल्म 'वन' की बदली रिलीज तारीख

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' अब 28 अगस्त को नहीं आएगी। निर्माता बालाजी मोशन पिक्चर्स ने एक मोशन पोस्टर



जारी करते हुए इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है। दीपक मिश्रा और अरुणभ कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले रक्षाबंधन के अवसर पर सिनेमाघरों में आनी थी। चूकि उसी हफ्ते में श्रद्धा कपूर की 'ईथा' और यश की 'टॉक्सिक' रिलीज हो रही हैं। इस टकराव से बचने के लिए ये फैसला लिया गया है। निर्माता एकता कपूर ने 'वन' का एनिमेटेड मोशन पोस्टर जारी किया है, जिसमें त्रिशूल लिए एक व्यक्ति खूंखार बाघ और नंदी से घिरा हुआ है। उसके चारो ओर बिजली की कड़क दिखाई गई है। पोस्ट के साथ कैप्शन दिया गया, 'बाघ की दहाड़ है... नंदी उसकी शक्ति है। और वन... उसकी कहानी।' फिल्म में सिद्धार्थ के साथ तमन्ना भाटिया मुख्य किरदार में हैं। यह अब 25 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इसके बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।

# 'धमाल 4' के आगे 'अल्फा' ने टेके घुटने 2 करोड़ रुपए कमाने में भी छूटे पसीने...

### 'धमाल 4' ने पहले दिन कमाए इतने करोड़

'धमाल 4' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस कॉमेडी फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 13.75 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला है। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी 'धमाल 4' में रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा, रवि किशन, अंजलि आनंद, ईशा गुप्ता और संजीदा शेख भी अहम भूमिका में हैं।

***मुंबई।*** *बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार यानी 10 जुलाई को अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म 'धमाल 4' रिलीज हुई। फिल्म ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। भले ही फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन पहले दिन कमाई के मामले में इसने बाजी मार ली है। आलम ये है कि फिल्म के आगे आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की एक्शन-थ्रिलर 'अल्फा' पूरी तरह पस्त हो गई है। आइए जानें दोनों फिल्मों की कमाई।*




### 'धमाल 4' की आंधी में उड़ी 'अल्फा'

'धमाल 4' के रिलीज होते ही आलिया भट्ट की स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' की कमाई को बड़ा झटका लगा है। पहले हफ्ते में 47.45 करोड़ कमाने वाली ये फिल्म अपने आठवें दिन (दूसरे शुक्रवार) बॉक्स ऑफिस पर पस्त नजर आई। फिल्म आठवें दिन 2 करोड़ भी नहीं कमा सकी और महज 1.65 करोड़ रुपये पर सिमट गई। इसके साथ ही 'अल्फा' का 8 दिनों का कुल कारोबार 49.10 करोड़ रुपये हो गया है।

# धनुष और वेत्रिमारन की ब्लॉकबस्टर जोड़ी की वापसी, 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो रिलीज



**मुंबई।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष ने निर्देशक वेत्रिमारन के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो जारी कर दिया है। इस प्रोमो के सामने आने के बाद से ही फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ गई है। ये फिल्म अरिवुमथी की एक चर्चित किताब पर आधारित है, जो तमिल इतिहास के एक बेहद महान और शक्तिशाली नेता की कहानी को बयां करती है। इस ऐतिहासिक नायक का विशेष जिक्र तमिलों के प्राचीन संगम साहित्य में भी मिलता है। इन फिल्मों में साथ काम कर चुके धनुष और वेत्रिमारन साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष और दिग्गज निर्देशक वेत्रिमारन एक बार फिर इतिहास दोहराने के लिए तैयार हैं। ये पांचवीं बार है, जब ये सुपरहिट जोड़ी किसी फिल्म के लिए एक साथ आई है। इससे पहले यह जोड़ी 'पोलधवन', 'आदुकलम', 'वडा चेन्नई' और 'असुरन' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुकी है, जिन्होंने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर कमाई की, बल्कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी अपने नाम किए।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह, बालिका शिक्षा एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश पर जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के नवापारा स्थित कन्या हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बाल विवाह मुक्त सूरजपुर अभियान की जानकारी दी। साथ ही बच्चियों को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी बच्चों को दी गई। महिला सशक्तिकरण की फरजाना ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने वाले सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़कियों को स्वच्छता के ऊपर विशेष ध्यान देना चाहिए महिला सशक्तिकरण हब की जेंडर विशेषज्ञ सलोनी कुजूर ने सखी वन स्टाफ केंद्र की सारी व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती किरण उपाध्याय, स्कूल के शिक्षक अमृतलाल कमर प्रमाण कश्यप, रश्मि टोप्पो एवं निर्मल तिर्की व विधिक सेवा प्राधिकरण से चिरंजीव राजवाड़े तेजस्वरी उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत बकिरमा में लाखों के वित्तीय अनियमितता का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बकिरमा में पंचायत निधि के कथित दुरुपयोग एवं वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा। साथ ही निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता विशाल दुबे ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव द्वारा आपसी सांठगांठ कर पंचायत राज अधिनियम के नियमों की अनदेखी करते हुए विभिन्न विकास कार्यों के नाम पर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया। आवेदन में कई कार्यों के केवल कागजों में होने तथा मौके पर कार्य नहीं होने या अत्यंत निम्न गुणवत्ता का होने का उल्लेख किया गया है। जिसमे हैंडपंप खनन, सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक शौचालय, स्ट्रीट लाइट स्थापना, मरम्मत कार्य सहित अन्य मामलों में लाखों रुपये के भुगतान किए गए, जबकि कई कार्यों की भौतिक स्थिति संदिग्ध बताई गई है।उन्होंने आरोप लगाया है कि स्ट्रीट लाइट कार्य में सरपंच के पुत्र को एजेंसी बनाकर भुगतान किया गया। विशाल दुबे ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### चोरों ने दिन दहाड़े होटल के सामने खड़ी स्कूटी के डिक्की से पार किया 40 हजार रुपए

**सेदम।** बतौली अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी ओम प्रकाश गुप्ता शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक बतौली से 40 हजार निकाल कर अपने स्कूटी के डिक्की में रखकर घर जा रहे थे। इसी बीच बतौली बगीचा चौक स्थित होटल में नाश्ता करने गए और कुछ समय बाद वापस आ कर देखा तो स्कूटी का डिक्की खुला और 40 हजार रुपए गायब था। घटना की शिकायत ओम प्रकाश ने बतौली पुलिस से की। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया लेकिन चोर का पता नहीं लग सका। बतौली पुलिस द्वारा हर एक बिंदुओं की विवेचना में लगा हुआ है। इसी प्रकार बतौली थाना रोड निवासी सकंट मोचन गुप्ता यहां भी स्टेट बैंक बतौली से लाखों की राशि निकाल कर दुकान के दराज में रखा गया था जहां अज्ञात चोरों द्वारा दुकानदार को चकमा देकर राशि लेकर रफूचक्कर हो गए जिनका अब तक पता नहीं चल सका है ।

### मृत ससुर के दस्तावेजों को लेकर पति-पत्नी में विवाद, ग्रामीण ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** ग्राम सोनवाही महादेवपारा में एक ग्रामीण ने मृत ससुर के दस्तावेज को लेकर पत्नी के साथ हुए कहासुनी व विवाद होने के बाद क्षुब्ध होकर फांसी लगा ली है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम सोनवाही महादेवपारा निवासी 47 वर्षीय सावाल साय सिंह पिता महादेव गोंड का शुक्रवार शाम पत्नी जुगमेन बाई के साथ ससुर के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनवाने की बात को लेकर कहासुनी व विवाद हो गया। इसके बाद सावल साय ने खाना खाकर घर के बाहर बरामदे में सोने चला गया , शनिवार की सुबह ग्रामीण का शव गौशाला में फांसी पर लटका पाया गया है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## राशि के अभाव में महत्वपूर्ण भवन वर्षों से अधूरे

# अधूरे भवनों के लिए मिली 4.5 करोड़ की स्वीकृति विवि बनाएगा मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में होगा निर्माण

भवन की समस्या से जूझ रहे संत गहिरा गुरू विवि की समस्याओं का निराकरण होता नहीं दिखाई दे रहा है। राशि के अभाव में विवि के महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण पिछले चार सालों से अटका पड़ा है। शासन द्वारा विवि को भवन निर्माण के लिए बजट में 4.5 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। विवि द्वारा इस राशि से पुराने कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग बनाने की तैयारियां कर रहा है।

स्थापना के बाद से ही संत गहिरा गुरू विवि के प्रशासनिक कार्यालय का संचालन शहर के दर्रीपारा स्थित एक पुराने शासकीय भवन में किया जा रहा था। हालांकि विवि द्वारा प्रशासनिक कार्यालय परिसर में आवश्यकता के अनुसार परीक्षा शाखा, गोपनीय विभाग एवं भंडारगृह के लिए शेड का निर्माण कर कार्यों का संचालन किया जा रहा था। इस बीच प्रशासनिक कार्यालय स्थित कुलपति कार्यालय की छत ढहने एवं कार्यालय के अन्य कमरों के छत का प्लास्टर गिरने एवं पानी टपकने के कारण प्रबंधन ने आनन-फानन में कार्यालय को भकुरा परिसर में स्थानांतरित कर दिया। विपरीत परिस्थितियों में पिछले एक साल से प्रशासनिक कार्यालय का संचालन भकुरा परिसर में किया जा रहा है। परिसर में निर्माणाधीन प्रशासनिक कार्यालय, एकेडमिक बिल्डिंग, छात्रावास, पुस्तकालय, गेस्ट हाउस सहित अन्य भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। विवि ने अधूरे भवनों के निर्माण के लिए 14.35 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा था तथा बजट में राशि की स्वीकृति मिलने की भी उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन बजट में भवन निर्माण के लिए मात्र 4.5 करोड़ की स्वीकृति मिली है। शासन द्वारा बजट में स्वीकृत राशि अभी विवि को उपलब्ध नहीं कराई गई है। विवि प्रशासन इस राशि से पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग बनाने की तैयारियां कर रहा है। भकुरा परिसर में आवश्यक भवनों का निर्माण नहीं होने के कारण शैक्षणिक विभागों की व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गयी है तथा शैक्षणिक विभागों का संचालन अलग-अलग भवनों में जैसे-तैसे किया जा रहा है। विवि के भकुरा परिसर को आबाद करने के लिए अधूरे भवनों का निर्माण पूरा करना बेहद आवश्यक माना जा रहा है। भवनों का निर्माण पूरा होने के बाद ही शैक्षणिक विभागों का संचालन प्रारंभ हो सकेगा तथा परिसर की रौनक बढ़ेगी। पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण इस साल भी अधूरे भवनों का निर्माण संभव नहीं है। ऐसे में विवि प्रबंधन को अन्य विकल्पों का भी सहारा लेने की जरूरत बताई जा रही है।



अधूरा एकेडमिक बिल्डिंग।

### अधूरे भवनों का निर्माण जरूरी

शिक्षा के क्षेत्र में विवि अपनी पहचान बना सके इसके लिए शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं सभी शैक्षिक विभागों का संचालन एक परिसर में करने की जरूरत बताई जा रही है। विवि ने शासन से चालू शिक्षा सत्र से 25 नये विषयों के संचालन की स्वीकृति ली है। विवि के पास भकुरा परिसर में पूर्व से संचालित शैक्षिक विभागों के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। नए विषयों की कक्षाओं के लिए भी भवनों की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में अधूरे भवनों का निर्माण पूरा किए बिना नए विषयों का संचालन संभव नहीं है। जानकार विवि के शैक्षिक विभागों को पर्याप्त जगह उपलब्ध कराने के लिए सबसे पहले अधूरे भवनों के निर्माण को आवश्यक बता रहे है। जानकारों का कहना है कि भवन निर्माण के लिए प्राप्त राशि से किसी एक भवन का निर्माण पूरा कर शैक्षिक व्यवस्था को दुरूस्त किया जा सकता है। एकेडमिक भवन का निर्माण पूरा होने से विवि को 40 से अधिक कमरे उपलब्ध होंगे जिसमें शैक्षणिक विभागों का संचालन आसानी से एक परिसर में किया जा सकता है।

#### बनेगा गेस्ट हाउस एवं आईटी हब

विवि का गेस्ट हाउस भकुरा परिसर में निर्माणाधीन है तथा राशि के अभाव में वर्षों से अधूरा पड़ा है। गेस्ट हाउस के अभाव में विवि अपने अतिथियों को होटलों में रूकवाता है तथा भारी-भरकम राशि खर्च करता है। विवि ने बजट में स्वीकृत राशि से विवि प्रबंधन ने पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। इस भवन में गेस्ट हाउस, ट्रेनिंग सेंटर, एक्यूवेशन सेंटर, कॉन्फ्रेंस हॉल एवं आईटी हब का निर्माण किया जाएगा।

#### बनाया जा रहा नक्शा

शासन द्वारा भवन निर्माण के लिए स्वीकृत राशि से पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग बनाने का निर्णय लिया गया है। अभी शासन से राशि उपलब्ध नहीं हुई है। इंजीनियर से प्रस्तावित भवन का नक्शा बनवाया जा रहा है।

-प्रो.राजेन्द्र लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू



## निरीक्षण में उठा विवाद, उपाध्यक्ष ने लगाए नियम विरुद्ध निर्माण के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नगर पंचायत लखनपुर में निर्माणाधीन दुकानों के निरीक्षण के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल ने वार्ड क्रमांक 8 स्थित पुराने बस स्टैंड के पास हमर क्लिनिक के समीप चल रहे दुकान निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य में नियमों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों की शिकायत पर उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल शुक्रवार सुबह निर्माण स्थल पर पहुंचीं। इस दौरान नगर पंचायत के उप अभियंता प्रदीप एक्का, पार्षद, नगर पंचायत कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग से निर्माण स्थल की दूरी की माप की गई। उपाध्यक्ष का आरोप है कि कलेक्टर द्वारा 28 जुलाई को जारी आदेश के अनुसार अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग से 22.50 मीटर की दूरी छोड़कर दुकानों का निर्माण किया जाना था, जबकि मौके पर यह दूरी लगभग 13 मीटर पाई गई। इसी आधार पर उन्होंने निर्माण कार्य को नियम विरुद्ध बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल ने यह भी आरोप लगाया कि बस स्टैंड परिसर में लगाए गए हमर लखनपुर लाइटिंग बोर्ड का भुगतान खरीदी में मनमाने दर पर किया गया है। उन्होंने उक्त कार्य की भी जांच कराए जाने की मांग की। मामले की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मौके पर बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन सीएमओ निरीक्षण स्थल पर नहीं पहुंचे। इस बात को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी नाराजगी व्यक्त की। उप अभियंता प्रदीप एक्का ने बताया कि परियोजना का लेआउट संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है तथा निर्माण कार्य निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। निरीक्षण के बाद उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल ने नगर पंचायत प्रशासन, सीएमओ एवं उप अभियंता पर नियमों की अनदेखी, गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं के आरोप लगाए। उपाध्यक्ष ने मामले की शिकायत नगरीय प्रशासन विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से करने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी मांग की गई है।

#### नियमानुसार हो रहे काम

नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे सभी निर्माण कार्य नियमानुसार एवं स्वीकृत मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं। उन्होंने उपाध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को गलत बताया। उनके द्वारा उपाध्यक्ष के साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष का फोन उनके द्वारा रिसीव किया गया था तथा उन्हें यह जानकारी दी गई थी कि एक पार्षद के निधन के कारण वे आवश्यक कार्यों में व्यस्त थे, इसलिए मौके पर नहीं पहुंच सके।

- विद्यासागर चौधरी
सीएमओ लखनपुर

## अखंड भारत के प्रणेता एवं राष्ट्र नायक थे डॉ.मुखर्जी



**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के सिटी कार्यालय स्थित सभागार में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी साधारण जीवन वाले थे तथा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उत्कृष्ट कार्य किए। बीएचयू बनाने में उनका योगदान रहा है। वे प्रखर राष्ट्रवादी थे और राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखते थे। भारत एवं बंगाल को संगठित करने में उनका बड़ा योगदान रहा है।

मुकेश तिवारी ने कहा कि आजाद भारत के प्रथम सरकार में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उद्योग मंत्रालय का प्रभार दिया गया था उन्होंने देश की भौगोलिक स्थिति के अनुसार कई अत्याधुनिक कारखाने स्थापित करने की पहल की। 33 वर्ष की आयु में वे बंगाल विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए। उन्होंने जम्मू एंड कश्मीर में परमिट सिस्टम को समाप्त किया और पूरे देश को यह संदेश दिया कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं हो सकते। कैलाश मिश्रा ने कहा कि आप ऊर्जावान होने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्ति तक संकल्पित रहें। आप अपने लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी परोपकारी कार्य के लिए तत्पर रहे जिससे भारत एक सशक्त देश के रूप में विकसित हो सके। कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया तथा कहा कि राशि के आभाव में विश्वविद्यालय के अधूरे निर्माण समय पर पूरे नहीं हुए तो निर्माण अनुपयोगी हो जाएगें। न केवल सरगुजा संभाग बल्कि पूरे प्रदेश को आर्थिक हानि होगी। कार्यक्रम का संचालन खेमकरण अहिरवार एवं धन्यवाद ज्ञापन, हरिशंकर प्रसाद टोण्डे ने किया। अंत में अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

### देवर ने पत्नी के साथ मिलकर की भाभी की पिटाई

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम गढबीरा निवासी श्रीमती दिलबासो पति गंभीर साय टोप्पो बुधवार को घर में थी तभी देवर मुनेश्वर टोप्पो की बकरी बाड़ी में आ गई। बकरी को मक्का बाड़ी में देख दिलबासो भगाने लगी तभी देवरानी राजमोहिनी ने देख बकरी को मारने से मना किया जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर मुनेश्वर भी मौके पर पहुंच गया और पत्नी के साथ मिलकर भाभी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

## करंट की चपेट में आने से कॉलरीकर्मी की मौत

**अम्बिकापुर।** स्नान करने के बाद कुलर पकड़ कर पत्नी से बात कर रहे कॉलरी कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। परिजन कॉलरी कर्मी का निजी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम मदनपुर निवासी रोबिन मंडल आ. नारायण मंडल (30 वर्ष) एसईसीएल बिजूरी में काम करता था। 9 जुलाई की रात घर आया था। दूसरे दिन दोपहर 3 बजे बाथरूम में स्नान करने के बाद कमरे में गया और कूलर पर हाथ रखकर पत्नी से बात कर रहा था। इसी दौरान बोरिंग चलाने लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट हो गया जिससे कूलर में करंट फैल जाने से करंट की चपेट में आने से कमरे में गिर गया। पति को जमीन पर गिरा देख पत्नी शोर मचाने लगी। परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा रोबिन के नाक व कान से खून निकल रहा था और वह मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन तत्काल उपचार के लिए शहर के मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत कॉलरीकर्मी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट क्लस्टर 2 का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 10 विद्यालयों के 208 प्रतिभागियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में दिखाई अपनी प्रतिभा

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता क्लस्टर-II का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ ज़ोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार एवं सह-क्षेत्रीय अधिकारी मौलिका मुखर्जी के मार्गदर्शन तथा विद्यालय की प्राचार्या एवं वेन्यू इंचार्ज के नेतृत्व में किया गया।

एक दिवसीय प्रतियोगिता में 4 डीएवी पब्लिक स्कूल (बिश्रामपुर, भटगांव, पांडवपारा एवं चिरमिरी) तथा 6 डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल (कनकनगर, जमड़ी, भंवरमाल, कालामंजन, सकरिया एवं पतरातू) के 208 खिलाड़ी शामिल हुए। इनमें 136 छात्र और 72 छात्राएं विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रतियोगिता में दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, स्केटिंग और जूडो सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक संजय सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर श्याम सुंदर रात्रे, डीएवी पांडवपारा के प्राचार्य पीएल वर्मा, एसकेएमएस यूनियन के पंकज गर्ग सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी गान से हुआ,मुख्य अतिथि ने क्रीड़ा ध्वज फहराकर मशाल प्रज्ज्वलित किया। विद्यालय के स्कूल हेड बॉय राघवेन्द्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अनुशासनबद्ध मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि संजय सिंह ने खिलाड़ियों से हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। स्कूल की प्राचार्या ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि क्लस्टर स्तर के विजेता खिलाड़ी जोनल स्तर की डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट के लिए चयनित होंगे, जहां से सफल प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों की स्पर्धाओं के परिणाम भी घोषित किए गए। 100 मीटर, 800 मीटर दौड़, गोला फेंक तथा जूडो सहित कई प्रतियोगिताओं में विश्रामपुर, चिरमिरी, भटगांव और पांडवपारा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए। विशेष रूप से विश्रामपुर के खिलाड़ियों ने गोला फेंक, 800 मीटर दौड़ और जूडो स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ अध्यापिकाओं अर्पणा मिश्रा एवं शोभा नामदेव ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आईजीएस की वाटरशेड एवं आजीविका परियोजनाओं का डॉ. अनिनीदा गुप्ता ने किया निरीक्षण

राजपुर। इंडियन ग्रामीण सर्विसेज द्वारा विकासखंड की 52 ग्राम पंचायतों में संचालित वाटरशेड एवं आजीविका परियोजनाओं का दो दिवसीय निरीक्षण डॉ. अनिनीदा गुप्ता ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जल संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों का जायजा लेते हुए परियोजनाओं के प्रभाव और गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। भ्रमण के दौरान डॉ. गुप्ता ने विभिन्न गांवों में निर्मित चेक डैम, स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच सहित जल एवं मृदा संरक्षण संरचनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इन कार्यों की उपयोगिता, रखरखाव और ग्रामीणों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली।

## संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने घर से बरामद किया आधा बोरी नशीला कैप्सूल

- नशे के दो सौदागरों को किया गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** सीतापुर क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम के हाथ उस समय बड़ी सफलता लगी जब टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक ग्रामीण के घर से आधा बोरी नशीला कैप्सूल बरामद किया। टीम ने 3 हजार 528 नग नशीला कैप्सूल जब्त कर सीतापुर क्षेत्र के दो नशे के सौदागरों गिरफ्तार किया।

नशीली दवाइयों के खिलाफ संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ऑपरेशन क्लीन के तहत सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में नशे के सौदागरों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। 10 जुलाई को सीतापुर क्षेत्र में गश्त के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना सीतापुर अंतर्गत ग्राम केसला निवासी सजाद अली अपने घर में भारी मात्रा में नशीला कैप्सूल रखकर बेच रहा है। सूचना पर तत्काल आबकारी उड़नदस्ता टीम ने केसला में सजाद अली के घर में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सजाद अली घर पर मौजूद मिला, उसके घर की तलाशी में उसके शयन कक्ष से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में कुल 3 हजार 528 नग नशीला कैप्शूल बरामद किया। पूछताछ में आरोपी सजाद खान ने बताया कि उसके पास से जब्त नशीला कैप्सूल धेलसरा थाना सीतापुर निवासी महबूब खान का है जो रिश्ते में भांजा है। सूचना पर .तत्काल आबकारी उड़नदस्ता टीम ने धेलसरा निवासी महबूब खान के घर दबिश देकर महबूब खान को भी गिरफ्तार कर लिया। सजाद खान और महबूब खान के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी व 29 के तहत गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय नार्कोटिक्स में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आबकारी आरक्षक अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह सक्रिय रही।

## सर्पदंश से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। रामानुजगंज अंतर्गत विजयनगर क्षेत्र के ग्राम केतली बैगापारा निवासी फुलकुंवर श्रीवास्तव पति दिनेश श्रीवास्तव (44 वर्ष) 1 जुलाई को घर के समीप बाड़ी में विजय सिंह व एक अन्य मजदूर के साथ भिंडी सब्जी तोड़ रही थी। इसी दौरान पैर में जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के डस लेने पर महिला शो मचाने लगी तो परिजन मौके पर पहुंचे और सांप को मारकर महिला को रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**सर्पदंश पीड़ित महिला की अस्पताल में मौत-** बिहारपुर। ग्राम कोल्हुआ निवासी पण्डो समुदाय की श्रीमती तारामति पति रामचंद्र पण्डो की सर्पदंश से मौत हो गई। तारामति रोज की तरह अपने घर में जमीन पर सो रही थी। बुधवार को तड़के उसे विषैले सांप ने डस लिया। सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ने लगी तो उसके परिवार के सदस्यों को सांप काटने की सूचना दी। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। चिकित्सक पीड़िता की जांच कर रहे थे इसी दौरान उसकी मौत हो गई।

TOP IN KORIYA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742






## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े घर के पास से बकरे को उठा ले गया जंगली जानवर



**बिहारपुर।** ग्राम पंचायत कोल्हूआ में जंगली जानवरों की बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को दिनदहाड़े एक जंगली जानवर ने कोल्हुआ निवासी संतोष पनिका के बकरे को घर के समीप ही अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार संतोष पनिका का बकरा घर के पास चर रहा था। इस दौरान जंगल से आए जानवर ने अचानक हमला कर बकरे को पकड़ लिया और घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया। घटना इतनी तेजी से हुई कि परिजन कुछ समझ पाते, उससे पहले ही जंगली जानवर बकरे को लेकर जंगल में गायब हो गया। सूचना पर ग्रामीण बकरे की तलाश में जंगल गए। काफी खोजबीन के बाद जंगल किनारे बकरे की क्षत विक्षत शव मिला। ग्रामीणों के अनुसार जंगली जानवर बकरे को मारकर उसका शरीर का अधिकांश हिस्सा खा चुका था। घटना से गांव में भय का माहौल है। ग्रमीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी है। रेंजर मेवालाल पटेल ने बताया कि वन विभाग की टीम घटनास्थल की जांच करेगी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद प्रावधानों के अनुसार पीड़ित पशुपालक को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रभावित क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने, वन्यजीवों की निगरानी करने तथा गांवों में जंगली जानवरों के प्रवेश को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

### नशे के सौदागर को 15 वर्ष का सश्रम कारावास

अंबिकापुर। नशे का कारोबार करने वाले आरोपी के खिलाफ कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने आरोपी तस्कर को 15 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है इसके साथ ही एक लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने आरोपी को कैंसर की बीमरी होने के कारण इसे केंद्रीय जेल अधीक्षक को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। बड़ी बात यह है कि इस प्रकरण का एक आरोपी फरार चल रहा है और उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट भी जारी है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोमिनपुरा निवासी 33 वर्षीय हातिम उर्फ हाकिम उर्फ जुब्बी आ. खादिम खान और देवीगंज रोड चित्रमन्दिर गली निवासी सुधीर पांडेय उर्फ मोहन आ. स्व. दीनदयाल पांडेय बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 3299 व किराए के ऑटो क्रमांक सीजी 15 सीआर 8817 से नशे का अवैध सामान लेकर आ रहे है। सूचना के बाद घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने बाइक चालक सुधीर पांडेय के पास से 7500 नग टेबलेट और हाकिम खान के पास से 750 नग आरसी कफ सिरप बरामद किया था। इस दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

## महुआपारा मार्ग कीचड़ में तब्दील, राहगीर घंटों फंसने को मजबूर

# आधा-अधूरा सीसी सड़क निर्माण बना ग्रामीणों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी





जिला मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत खरवत के महुआपारा मार्ग की हालत बरसात के बीच बेहद खराब हो गई है। कुछ माह पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा महुआपारा में सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन सड़क को अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों और राहगीरों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अधूरे निर्माण और बरसाती पानी के कारण पूरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सरडी से ग्राम महुआपारा होते हुए जिला मुख्यालय की ओर जाने वाला यह मुख्य संपर्क मार्ग ग्रामीणों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। बरसात शुरू होने के बाद ग्राम पंचायत द्वारा अधूरी सड़क पर मुरुम डलवा दिया गया, लेकिन लगातार बारिश से मुरुम बह गया और जगह-जगह पानी भरने से सड़क दलदल में बदल गई।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि बरसात शुरू होने से पहले सड़क का निर्माण पूरा कर दिया जाता या समय रहते व्यवस्थित तरीके से मुरुम डाला जाता, तो आज यह स्थिति नहीं बनती। वर्तमान में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहन आए दिन कीचड़ में फंस रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग पर कई छोटे-बड़े वाहन घंटों तक फंसे रहते हैं। कई बाइक सवार फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधूरे निर्माण कार्य और लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि महुआपारा मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए तथा बरसात के दौरान आवागमन सुचारु बनाए रखने के लिए तत्काल आवश्यक मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से बचा जा सके। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की बदहाल स्थिति का असर केवल आम आवागमन पर ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों, किसानों और मरीजों पर भी पड़ रहा है। महुआपारा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जिला मुख्यालय, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल तथा बाजार के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। बरसात के दिनों में सड़क पर जमा पानी और कीचड़ के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को सड़क की समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण सरकारी राशि का भी समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है और जनता को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं क्षेत्र के किसानों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कृषि कार्यों के लिए उपयोग में आने वाले ट्रैक्टर और अन्य वाहन कीचड़ में फंस जाने से खेती-किसानी के काम प्रभावित हो रहे हैं। कई बार ग्रामीणों को मिलकर वाहनों को कीचड़ से बाहर निकालना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया और मार्ग की मरम्मत नहीं की गई तो वे प्रशासन के समक्ष विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर अधूरे निर्माण कार्य के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए तथा महुआपारा मार्ग को जल्द से जल्द आवागमन योग्य बनाया जाए। बरसात के इस मौसम में महुआपारा मार्ग की बदहाल तस्वीरें ग्राम पंचायत स्तर पर किए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर रही हैं।

# दर्रीटोला रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग



- भाजपा महामंत्री अमित ने रेल मंत्री और डीआरएम को लिखा पत्र

**मनेन्द्रगढ़।** कोरोना काल के बाद से दरीटोला रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनों का ठहराव बंद होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नागपुर एवं बरबसपुर मंडल के महामंत्री अमित राय ने केंद्रीय रेल मंत्री तथा बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम को पत्र लिखकर दरीटोला रेलवे स्टेशन सहित नागपुर रेलवे हॉल्ट पर ट्रेनों के नियमित ठहराव की मांग की है।

अमित राय ने बताया कि कोरोना काल से अब तक दरीटोला रेलवे स्टेशन पर एक भी यात्री ट्रेन का ठहराव नहीं हो रहा है। इससे उजियारपुर, सोनबरसा, राधेनगर, दरीटोला, बरबसपुर, महाराजपुर, लोहारी सहित आसपास के अनेक गांवों के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि यहां ट्रेनों का ठहराव शुरू किया जाता है तो हजारों ग्रामीणों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र की जनता ने कई बार कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना महंत को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन रेल मंत्रालय के समक्ष इस मांग को प्रभावी ढंग से नहीं उठाया गया। इसके कारण क्षेत्र की जनता में नाराजगी का माहौल है। अमित राय ने अपने पत्र में नागपुर रेलवे हॉल्ट पर भी ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। उन्होंने विशेष रूप से अंबिकापुर जबलपुर तथा दिल्ली अंबिकापुर ट्रेन का नागपुर हॉल्ट पर स्टॉपेज देने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि इससे नागपुर क्षेत्र के लोगों को सीधे दिल्ली और मध्यप्रदेश की ओर यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि नागपुर रेलवे हॉल्ट पर ट्रेनों के रुकने से पोड़ी, चिरईपानी, सारोला, सेमरालाई, नागपुर सहित लगभग 15 ग्राम पंचायतों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और मरीजों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

## नई रेल लाइन विस्तार को मिली प्रशासनिक गति



मनेन्द्रगढ़। बहुप्रतीक्षित चिरमिरी नागपुर हॉल्ट नई रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन के विशेष सहयोग और अनुग्रह से परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण सहित सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। इसके बाद परियोजना की फाइल टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने एवं समाचार पत्रों में निविदा विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए रेलवे विभाग को प्रेषित कर दी गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व डीआरयूसीसी (डिवीजनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी) सदस्य एवं अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास और रेल संपर्क को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इस रेल लाइन के विस्तार की मांग की जा रही थी और अब प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने से परियोजना के शीघ्र धरातल पर उतरने की उम्मीद बढ़ गई है। विजय प्रकाश पटेल ने बताया कि परियोजना में किसी प्रकार की देरी न हो, इसके लिए प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट स्वास्थ्य मंत्री, रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) तथा डीआरएम सहित सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी करने एवं निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि चिरमिरी नागपुर हॉल्ट रेल लाइन का विस्तार पूरा होने से एमसीबी जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर रेल सुविधा मिलेगी। इससे यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी।

# बैकुंठपुर में सैनिक स्कूल खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

### रक्षामंत्री से मिले युवा नेता राहुल



भाजपा युवा नेता राहुल खटीक ने नई दिल्ली में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सौजन्य भेंट कर बैकुंठपुर में सैनिक स्कूल की स्थापना की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि बैकुंठपुर सहित पूरे उत्तर छत्तीसगढ़ के युवा देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत हैं तथा यहां सैनिक स्कूल की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने के बेहतर अवसर मिलेंगे।

राहुल ने रक्षा मंत्री को बताया कि सैनिक स्कूल खुलने से न केवल कोरिया जिले बल्कि पूरे उत्तर छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक और सामाजिक विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने वाला महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस संबंध में उन्होंने रक्षा मंत्री के समक्ष विस्तृत प्रस्ताव एवं औपचारिक मांग भी प्रस्तुत की। राहुल खटीक ने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

## शराब के नशे में युवक चढ़ गया हाई वोल्टेज टावर पर

वाड्रफनगर। पत्नी से विवाद के बाद एक युवक हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। इस दौरान युवक ने जमकर हंगामा किया। युवक पत्नी को वापस बुलाने की मांग कर रहा था। घंटों चले हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद पुलिस ने समझा बुझाकर युवक को नीचे उतारा और पकड़कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि वाड्रफ नगर चौकी अंतर्गत ग्राम लोधी निवासी 22 वर्षीय अंटू अगरिया आ. संजू अगरिया ने प्रेम विवाह किया है। विवाह के बाद भी शराब पीने के बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है। हाल ही में विवाद के कारण पत्नी घर छोड़कर चली गई थी जिसके बाद युवक क्षुब्ध हो गया।

# 30 वर्षों की समर्पित सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुईं ममता



मनेन्द्रगढ़। सरस्वती विकास विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में तीन दशकों तक शिक्षा और संस्कार की अलख जगाने वाली वरिष्ठ शिक्षिका एवं प्रधान पाठिका ममता अग्रवाल के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा पूर्व विद्यार्थियों ने उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया। समारोह में ममता अग्रवाल को स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र एवं भगवान श्री राधा-कृष्ण की आकर्षक प्रतिमा भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित सभी लोगों ने उनके व्यक्तित्व, कार्यशैली और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती ममता अग्रवाल ने लगातार 30 वर्षों तक सरस्वती विकास विद्यालय में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, समय की पाबंदी और अनुशासन के साथ अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने केवल पाठ्यक्रम की शिक्षा ही नहीं दी, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, नैतिकता और सामाजिक मूल्यों का भी विकास किया। अपने संबोधन में श्रीमती ममता अग्रवाल ने विद्यालय प्रबंधन, सहकर्मियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरस्वती विकास विद्यालय उनका परिवार रहा है और यहां बिताए गए 30 वर्षों की स्मृतियां सदैव उनके हृदय में रहेंगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 52 एकड़ में...

लीटर वर्षा जल का संचयन और भूजल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित होगी। वहीं शेष 22 एकड़ क्षेत्र में दो हजार से अधिक उन्नत फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण कर फलोद्यान विकसित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलने के साथ दर्जनों महिला स्व-सहायता समूहों को स्थायी रोजगार एवं नियमित आय का अवसर प्राप्त होगा। ग्राम बरदर में जल संरक्षण को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकसित किया गया है। सात एकड़ क्षेत्र में 3040 मॉडल के तहत 240 संरचनाओं का निर्माण किया गया है, जिनके माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 40 लाख लीटर वर्षा जल का संग्रहण एवं भूजल रिचार्ज संभव होगा। इसके साथ ही 1800 मीटर लंबाई में जल अवशोषण ट्रेंच एवं सीपीटी संरचनाओं का निर्माण किया गया है, जिनसे प्रतिवर्ष लगभग 60 लाख लीटर जल भूमि में समाहित होगा। पांच एकड़ क्षेत्र में 5000 कंटूर ट्रेंच तैयार किए गए हैं, जिनकी क्षमता लगभग 70 लाख लीटर वर्षा जल के संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण की है।

### जल संरक्षण और...

लिए पेयजल एवं गर्मी के मौसम में जल संकट से राहत मिलेगी। बैठक में 1 अप्रैल 2026 से लागू ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप ग्राम पंचायतों को अक्टूबर 2026 से पूर्व सभी प्रावधानों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के माध्यम से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गीले, सूखे, सैनिटरी एवं जोखिमपूर्ण कचरे का पृथक संग्रहण, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, खुले में कचरा फेंकने एवं जलाने पर प्रतिबंध, बल्क वेस्ट जनरेटर का पंजीयन तथा नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई की जानकारी दी गई।

### जैन मंदिर चौक...

में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड या अन्य राहत वाहन को इस मार्ग से गुजरना पड़े, तो जाम के कारण बहुमूल्य समय नष्ट हो सकता है। ऐसे में किसी भी बड़ी दुर्घटना या अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। शहरवासियों का सवाल है कि क्या जिला प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है नागरिकों ने जिला प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जैन मंदिर चौक से भगत सिंह तिराहे तक नियमित अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाए। दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखने पर सख्ती से रोक लगाई जाए, पार्किंग की समुचित व्यवस्था बनाई जाए तथा व्यस्त समय में यातायात पुलिस की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए।

